तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 खेत बचाओ अभियान से किसानों को किया जा...



10 जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों...



श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल


बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध


24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज


बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

दशहरा मैदान वैशाली नगर में नशीली दवाओं का कारोबार करते दो गिरफ्तार



भिलाई। सूखे नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए दुर्ग पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना वैशाली नगर पुलिस ने दशहरा मैदान क्षेत्र में नशीली गोलियों की अवैध बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम 0.5 एमजी की कुल 89 गोलियां एवं 5,000 रुपए नकद बरामद किए गए। प्रकरण में नशीली दवाओं की आपूर्ति के स्त्रोत तथा अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में जांच जारी है। आरोपियों में विनोद तिवारी से 59 और अमित नाग से 30 गोलियां मिलीं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि 22 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दशहरा मैदान वैशाली नगर क्षेत्र में दो व्यक्ति नशीली गोलियां रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई और मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों की पतासाजी की गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा, जिनकी पहचान विनोद तिवारी एवं अमित नाग उर्फ भांचा के रूप में हुई। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम में शामिल हुईं बालोद की 14 गुरु बहनें, रक्तदान कर समाज सेवा की पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

माहिला शक्ति के सेवा, समर्पण और सामाजिक योगदान को मिला सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सेवा सम्मान पर्व एवं युवा प्रबोधन कार्यक्रम में जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान से जुड़ी बालोद जिले की 14 गुरु बहनों को भी आमंत्रित किया गया। ये सभी गुरु बहनें संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान महाकुंभ 2026 में रक्तदान कर मानव सेवा के पुनीत कार्य में अपना योगदान दे चुकी हैं। गुरु बहनों ने यह संदेश दिया कि नारी शक्ति केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं की सशक्त वाहक भी है। गुरु बहनों ने कहा जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान द्वारा आयोजित रक्तदान महाकुंभ 2026 का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों की सहायता करना तथा समाज में सेवा और परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करना है। जगद्गुरु अपने भक्तों के माध्यम से 43 आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्य बिनामूल्य समाज सेवा के लिए कर रहे। 21 अक्टूबर को 3 नए एम्बुलेंस का लोकार्पण कर समाज सेवा को समर्पित किये गये, जिसमें से एक हृदय रोगियों के लिए पूर्ण सुविधायुक्त एम्बुलेंस है। इस प्रकार अब संस्थान के 56 एंबुलेंस समाज सेवा में तत्पर है कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महिला शक्ति के योगदान और उनकी क्षमताओं को रेखांकित करते हुए महिलाओं को समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



ये रहें शामिल

जिसमें बालोद जिला से रक्तदान करने वालो में रूपा सोरी तालगांव, मांगीन बघेल देवारभाट, देवारभाट झमित कौशिक, देवारभाट झरना जाचक, देवारभाट दुलारी निषाद, धानपुरी पंचवती मंडावी, धानपुरी मोतीमा सिन्हा, साकरा जागेश्वरी साहू, नवागांव रोशनी राणा राघो, संभलपुर चंद्रिका साहू, मीनाक्षी अकोला, कुंती गावड़े, ढाबाडीह गायत्री सारथी, ढाबाडीह यशोदा मानिकपूरी सम्मिलित है। पीठ प्रवचनकार प्रमुख सुषमा कमलेश साहू ने किया।

सीसी रोड, नाली, शेड और आंगनबाड़ी भवन निर्माण को मिलेगी गति

डौंडीलोहारा क्षेत्र को मिली 2.20 करोड़ के विकास कार्यों की सौगातः उपमुख्यमंत्री शर्मा ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा क्षेत्र में ग्रामीण विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2026–27 के अंतर्गत कुल 2 करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा इन कार्यों को मंजूरी दिए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके तहत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड, नाली, शेड और आंगनबाड़ी भवन निर्माण सहित अनेक कार्य किए जाएंगे।

इन विकास कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, आवागमन को सुगम बनाने और गांवों की अधोसंरचना को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है। क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन तक पहुंचाने में मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा की पहल को महत्वपूर्ण बताया जा रहा है, वहीं स्वीकृति मिलने से ग्रामीण विकास के लिए राशि उपलब्ध होने का रास्ता साफ हुआ है।

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2026–27 के अंतर्गत शेड निर्माण के लिए भीमपुरी, बड़ा जुंगेरा, देवरी, बड़गांव और पीपरखार में 5-5 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। भाठागांव में शेड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रुपये तथा मुडखुसरा और संबलपुर लोहारा में 5-5 लाख रुपये निर्धारित किए गए ⏭शेष पेज 10 पर

कुसुम शर्मा ने जताया उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार

मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं और स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली मांगों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों के प्रस्ताव शासन के समक्ष रखे गए थे। इन कार्यों को स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, नाली, शेड और आंगनबाड़ी भवन जैसी सुविधाएं आम लोगों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हैं। सीसी रोड बनने से आवागमन बेहतर होगा, नाली निर्माण से जल निकासी व्यवस्था में सुधार आएगा, शेड निर्माण से सार्वजनिक गतिविधियों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी और आंगनबाड़ी भवन बनने से बच्चों तथा महिलाओं से जुड़ी सेवाओं के संचालन के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा।



सीसी रोड निर्माण से गांवों में आवागमन होगा सुगम

क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड निर्माण के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया है। इनमें अछोली, खैरा, कोटेरा, संबलपुर लोहारा, कोबा, बिजोरा, कापसी, कोसमी, संजारी, कलकसा, बड़गांव, परसाडीह (ज), खड़बत्तर, भीमकन्हार, सेमरहडीह, बर्रा पारा, खपरी बी, माटरी, बगई कोन्हा, कोरगुड़ा, खरथुली, राना खुज्जी, आतरगांव, चिलमगोटा, खैरकट्टा, तुरमुड़ा, खपरी, रेंगाडबरी, चे.ब. नवागांव, मनकी, बीजाभांठा, राघो नवागांव, मारींबंगला तथा गहिरा नवागांव सहित अन्य ग्राम शामिल हैं। नाली निर्माण के लिए अछोली, परसाडीह (ज) और रेंघई में 5 लाख 91 हजार रुपये प्रति कार्य का प्रावधान किया गया है। वहीं बैहाकुआ में नाली निर्माण के लिए 3 लाख 94 हजार रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसी योजना के तहत धूमादाह में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 6 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी गिरफ्तार नगदी व सामग्री जब्त



बालोद। थाना गुण्डरदेही पुलिस ने 23 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर जे.एल.एम. स्कूल के पीछे नहर के पास रुपयों–पैसों की हार–जीत का दांव लगवाकर सट्टा–पट्टी लिख रहे आरोपी आरोपी वार्ड क्रमांक 10 गुण्डरदेही निवासी शिव निषाद को सट्टा–पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 04 नग सट्टा–पट्टी पर्ची, 01 नग नीले रंग का डॉट पेन तथा 1,000 नगद जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि पाण्डेय, पीएसआई धनेश्वर कंवर, पीएसआई आसमा कुर्रे, प्रधान आरक्षक यशवंत जांगड़े, आरक्षक पंकज ताराम, आरक्षक यशवंत देशमुख एवं आरक्षक विकास साहू की भूमिका रही।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले दो चालकों पर 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले दो चालकों कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए, दोनों प्रकरणों में 10,000–10,000, कुल 20,000 का जुर्माना लगाया गया है। गुण्डरदेही पुलिस ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें,



निर्धारित गति सीमा का पालन करें एवं यातायात संकेतों का सम्मान करें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और नाबालिगों को वाहन चलाने न दें तथा पैदल चलने वालों की सुरक्षा का ध्यान रखें। आपकी छोटी–सी सावधानी, किसी की जिंदगी बचा सकती है।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग घायल

डौण्डीलोहारा। ग्राम भीमाटोला से धोबनी जाने वाले मुख्य मार्ग पर रामसाय की डबरी मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग घायल हो गया। घटना 22 अक्टूबर की शाम करीब 7:45 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में मंगचुवा पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल तुलाराम गोटा (60 वर्ष), पिता हिरदे राम गोटा, निवासी ग्राम लालूटोला, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव बताया जा रहा है। घटना के संबंध में आरोप है कि पिकअप वाहन क्रमांक CG08 AN 6271 का चालक आकाश जैन, निवासी ग्राम परेवाडीह, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, वाहन को तेज गति और ⏭शेष पेज 10 पर

- रामसाय की डबरी मोड़ के पास हुआ हादसा, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का आरोप

गंजईडीह में दशहरा उत्सव के दौरान चाकूबाजी, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

थाना डौंडीलोहारा अंतर्गत पुलिस चौकी संजारी क्षेत्र के ग्राम गंजईडीह में दशहरा उत्सव और छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई है। मेला देखने पहुंचे ग्राम कोटेरा निवासी हनेश्वर भंडारी पर किसी अज्ञात हमलावर ने पीछे से चाकू से दो वार कर दिए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को तत्काल शासकीय अस्पताल डौंडीलोहारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री, राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। वहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 22 अक्टूबर की रात करीब 10 से 10:15 बजे के बीच की बताई जा रही है। ग्राम कोटेरा निवासी रोशन कुमार भंडारी उर्फ पप्पू अपने दोस्तों के साथ गंजईडीह में आयोजित रावण दहन और छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम देखने पहुंचा था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने साथियों हनेश्वर भंडारी, दुष्यंत खरे और खेमन पिस्दा के साथ गंजईडीह क्रिकेट मैदान के पास घूम रहा था।

इसी दौरान रोशन का छोटा भाई संदीप भंडारी और टेमन गांवरे भी वहां पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सड़क पर चलने की बात को लेकर संदीप भंडारी और दुष्यंत खरे के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों के बीच वाद-विवाद और गाली-गलौज होने लगी। आसपास लोगों की भीड़ जमा थी और कुछ दूरी पर संदीप के परिचित भी मौजूद थे।

अज्ञात हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस : घटना के समय क्रिकेट मैदान के आसपास काफी भीड़ और अंधेरा होने के कारण प्रार्थी तथा मौके पर मौजूद अन्य लोग हमलावर का चेहरा नहीं देख सके। इसके चलते आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस चौकी संजारी में शून्य पर अपराध दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अज्ञात हमलावर की पहचान करने और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

- युवक की पीठ पर किए दो वार, गंभीर हालत में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर

अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाकर किया हमला

इसी बीच विवाद के दौरान किसी अज्ञात हमलावर ने कथित रूप से अंधेरे और भीड़ का फायदा उठाते हुए पीछे से हनेश्वर भंडारी की पीठ पर चाकू से दो वार कर दिए। अचानक हुए हमले से वहां मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही हनेश्वर घायल हो गया। साथियों की मदद से घायल को तत्काल शासकीय अस्पताल डौंडीलोहारा पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री, राजनांदगांव भेज दिया।

अनुकम्पा नियुक्त लिपिकों के हितों का मुद्दा शासन के समक्ष उठाया

लिपिकों की वेतनवृद्धि रोकने और वेतन से वसूली पर राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने शासन को ज्ञापन सौंप, न्यायालयीन आदेशों के अनुरूप एक समान दिशा–निर्देश जारी करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोके जाने और वेतन से राशि की वसूली किए जाने से जुड़े मामलों में विरोध दर्ज कराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्रभावित लिपिकों को राहत प्रदान करने के लिए सामान्य प्भिाग स्वास्थ्य विभाग एवं स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय से आवश्यक सामान्य आदेश जारी करने की मांग की है।

संघ के प्रदेश महामंत्री सूरज प्रसाद देवांगन के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अनुकम्पा नियुक्त लिपिकों ने 22 अक्टूबर को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव, स्वास्थ्य विभाग तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं के नाम ज्ञापन सौपा। इस दौरान जिले से भी बड़ी संख्या में लिपिक सम्मलित हुए। ज्ञापन में संबंधित न्यायालयीन आदेशों का हवाला देते हुए प्रदेशभर के लिपिकों के हित में स्पष्ट, समान एवं



व्यावहारिक दिशा–निर्देश जारी करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में वर्ष 2013 से 2023 के बीच नियुक्त लिपिकों से संबंधित कौशल परीक्षा, हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा, वार्षिक वेतनवृद्धि तथा वेतन से वसूली के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। संघ का कहना है कि इन प्रक्रियागत समस्याओं के कारण अनेक कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए न्यायालयीन आदेशों की भावना के अनुरूप मामलों का निराकरण किया जाना आवश्यक है।

संघ ने मांग की है कि जिन विभागों में हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा आयोजित ही नहीं की गई है, वहां परीक्षा के नाम पर लिपिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं रोकी जानी चाहिए। कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों में अनावश्यक आर्थिक नुकसान का सामना न करना पड़े, इसके लिए शासन स्तर पर स्पष्ट नीति निर्धारित की जानी चाहिए।

संघ ने यह भी कहा है कि जिन मामलों में लागू न्यायालयीन आदेशों के अनुसार कर्मचारियों के वेतन से वसूली नहीं की जानी है, वहां वसूली की कार्रवाई समाप्त कर संबंधित कर्मचारियों को राहत दी जाए। संघ ने शासन से आग्रह किया है कि न्यायालयीन आदेशों का समुचित पालन सुनिश्चित करते हुए सभी संबंधित विभागों के लिए स्पष्ट एवं एकसमान सामान्य आदेश जारी किया जाए, ताकि प्रदेश के लिपिकों को अलग–अलग विभागों में अलग–अलग प्रक्रियाओं के कारण परेशानी न उठानी पड़े।



डौंडीलोहारा में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की माता बनीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

नगर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार विजयादशमी के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। इस वर्ष भी नगर में छह स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं, लेकिन मुख्य मार्ग पर सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति डौंडीलोहारा द्वारा स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समिति के 54वें वर्ष में आयोजित दुर्गोत्सव ने इस बार जनभागीदारी, भव्य झांकी और श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़ के कारण नगर में अलग पहचान बनाई। समिति द्वारा स्थापित लगभग 13 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा को थनौद के प्रसिद्ध मूर्तिकार राजेश एवं प्रेम चक्रधारी ने आकर्षक स्वरूप प्रदान किया था। 21 अक्टूबर को मां दुर्गा की विसर्जन झांकी के दौरान पूरा डौंडीलोहारा उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

सुबह लगभग 10:30 बजे से शाम 6 बजे तक नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। मां के दर्शन करने, झांकी की भव्यता देखने और तस्वीरें लेने के लिए लोग बड़ी संख्या में जुटे। नगर के विभिन्न हिस्सों में उत्सव जैसा माहौल रहा तथा विसर्जन झांकी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। प्रतिमा की भव्यता, झांकियों की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भागीदारी और पूरे आयोजन में सदस्यों की सक्रियता के चलते समिति की चर्चा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में होती रही।

54वें वर्ष में इस प्रकार का जनसमर्थन मिलना समिति के लिए विशेष उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। आयोजन के दौरान भंडारे में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गणराज युवा शक्ति गणेश उत्सव समिति, विवेकानंद चौक द्वारा आयोजित भंडारे और सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

54वें वर्ष में समिति ने रचा नया इतिहास, सोशल मीडिया और यू-ट्यूब के माध्यम से पांच लाख लोगों तक पहुंचने का अनुमान



खबर संक्षेप



चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में लगी ड्रेन जाली निकली, आज भी बंद रहेगा आवागमन

भिलाई। चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में ड्रेन की जाली अचानक बाहर निकल आई। जिसकी वजह से दो दिनों तक यहां सुधार कार्य चलेगा। 24 और 25 अक्टूबर तक इस अंडरब्रिज बंद कर दिया गया है। इसके पहले तीन महीने तक सीमेंटीकरण करने की वजह से इस अंडरब्रिज से आवागमन बंद रहा। इस स्थिति में लोगों को अब फिर से सेक्टर एरिया जाने के लिए और आने के लिए घूमकर जाना पड़ेगा। भिलाई निगम प्रशासन ने लोगों को सूचित किया है कि ड्रेन जाली के उखड़ जाने की वजह से आवागमन करने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका उत्पन्न हो गई है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में तत्काल प्रभाव से आवागमन बंद किया जाना आवश्यक हो गया है। इस अवधि में ड्रेन की जाली से संबंधित आवश्यक सुधार एवं संधारण कार्य कराया जाएगा, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके तथा आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके।

बकरी पालने को लेकर विवाद, महिला की हत्या

भिलाई। ग्राम चुनकट्टा में अधेड़ महिला की लाठी डंडे से वार कर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। घटना उतई थाना क्षेत्र की है।गांव में बकरी पालन को लेकर हुए सामाजिक विवाद ने बकरी नहीं पालने की परंपरा का हवाला देकर युवक ने 52 वर्षीय महिला ताबडतोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। महिला का उपचार के दौरान मौत हो गई। उतई पुलिस ने बताया कि चुनकट्टा निवासी कुमारी बाई साहू अपनी आजीविका चलाने के लिए बकरी पालन करती थीं। गांव में रहने वाले अर्जुन साहू लंबे समय से उसके इस कार्य का विरोध करता था। अर्जुन का मानना था कि साहू समाज के दृष्टिकोण से बकरी पालन करना ठीक नहीं है। गुरुवार देर शाम इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आवेश में आकर अर्जुन साहू ने डंडे से कुमारी बाई के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद लहूलुहान अवस्था में परिजनों ने महिला को उपचार के लिए श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया। जहां देर रात उपचार के बाद रात करीब ढाई बजे कुमारी बाई ने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर अजीत साहू ने पुलिस में शिकायत करने के बाद अर्जुन को हिरासत में ले लिया गया है।

निधन

कुंती बाई ठाकुर

डौंडीलोहारा। वनांचल के ग्राम कोड़ेकसा निवासी पूर्व सरपंच कुंती बाई ठाकुर पति गोरेलाल ठाकुर 65 वर्ष का निधन 24 अक्टूबर दिन शनिवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व परिवारजन उपस्थित थे।



टाउनशिप के जर्जर आवासों, सड़कों व कैंटीनों की समस्या के निदान पर जोर, मिला आश्वासन

बीएसपी प्रबंधन के साथ हुई अहम बैठक में यूनियनों की दिखी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में हजारों कर्मचारियों से जुड़ी लंबे समय से लंबित कई समस्याओं के चलते कर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए प्रमुख यूनियनों ने एकजुटता से आवासीय और मेडिकल मुद्दों के निदान के लिए बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बनाया। प्रबंधन ने कुछ समस्याओं के निदान फौरी निदान का आश्वासन दिया वहीं कई मुद्दों पर निर्णय नहीं हो पाया। वहीं दो साल से लंबित मान्यता यूनियन चुनाव में विलंब के लिए खुद को जिम्मेदार नही बताया।

कर्मियों की लोकल स्तर समस्याओं के जल्द निदान की उम्मीद बंधी। बीएसपी प्रबंधन और यूनियनों की इस्पात भवन में हुई अहम संवाद बैठक में इंटक और सीटू लंबित एरियर्स और इंसेंटिव सहित सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण सहित दो दर्जन मुद्दों को समयसीमा में निपटाने पर जोर दिया। वहीं बीएमएस, एचएमएस सहित अन्य यूनियनों ने भी कर्मचारी हितों के मामले में लेटलतीफी को असंतोषदायी बताया। बैठक में प्रबंधन की ओर से ईडी पवन कुमार, सीजीएम अतुल नौटियाल, संजय द्विवेदी, सुरजीत मलिक और राजीव कुमार सहित इंटक से महासचिव संजय कुमार साहू, सीटू से विजय जांगड़े, केवेंद्र सुंदर व बीएमएस से कार्यकारी अध्यक्ष वीबी सिंह, प्रदीप पाल, एटक के विनोद सोनी, एक्टू के बिजेंद्र तिवारी, लोइमू के जेपी नायर व एचएमएस के डीके सिंह आदि विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इंटक ने एरियर्स, इंसेंटिव व सीटू ने यूनियन चुनाव में विलंब और जेएलएनएच के निजीकरण का मुद्दा उठाया



छोटे क्वार्टरों को लाइसेंस पर दें

फेस्टिवल एडवांस 50 हजार करने की मांग पर कार्यपालक निदेशक ने सहमति का रुख दिखाया। सेक्टर-9 अस्पताल के संबंध में स्पष्ट किया कि अस्पताल को सीधे निजी हाथों में नहीं सौंपा जा रहा, बल्कि निजी सहयोग से उत्कृष्टता की ओर ले जाने का प्रयास है। सीटू ने अस्पताल की सेवाओं और कर्मचारियों-सेवानिवृत्त कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सभी हितधारकों से चर्चा की मांग दोहराई। मान्यता यूनियन चुनाव में विलंब के मुद्दे पर प्रबंधन ने कहा कि केंद्रीय श्रम कार्यालय से प्राप्त आदेश के अनुसार पूरा सहयोग किया जाएगा और चुनाव में देरी के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं है। छोटे क्वार्टरों का लाइसेंस अचानक बंद होने से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी जमा रहने तथा अनिश्चितता की समस्या, ग्रेच्युटी पर आयकर छूट और इंसेंटिव संशोधन जैसे मुद्दे अनुत्तरित रहे।

सीटू ने जर्जर सड़क व आवास सहित पेयजल मुद्दे पर दिया बल

सीटू ने ग्रेडिंग प्रणाली में पारदर्शिता, कर्मचारियों को अपनी ग्रेडिंग देखने की सुविधा तथा क्लस्टर परिवर्तन के समय तीन वर्ष में अपग्रेडेशन/प्रमोशन सुनिश्चित करने की मांग की। अस्पताल कर्मचारियों के पदनाम सुधार की मांग की। कैंटीनों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और यूरिनल-टॉयलेट की बदहाली का मुद्दा उठाया। कैंटीन प्रभारी सुरजीत मलिक को नियमित निगरानी एवं सुधार के निर्देश दिए गए। मॉडल कैंटीन बेस किचन जल्द शुरू करने, 32 कैंटीनों में टाइल लगाने एवं नवीनीकरण, 250 एक्वागार्ड और वाटर कूलर लगाने तथा कारोबार के आधार पर कैंटीनों को अपग्रेड करने की जर्जर आवासों की मरम्मत, सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए हेल्प डेस्क तथा असुरक्षित मकानों को जमींदोज करने की मांग दोहराई गई। बोरिया गेट से बीएसएफ चौक तक फॉरेस्ट एवेन्यू में डिवाइडर का पिछला टेंडर ठेकेदार द्वारा काम नहीं करने के कारण विफल रहा; अब नए सिरे से टेंडर जारी किया जाएगा। मेन गेट पर दोपहिया वाहनों की लंबी कतारों के समाधान के लिए जीएम (एचआर) को निर्देशित किया गया। रिवर्स ऑक्शन बंद करने, ठेका श्रमिकों को न्यूनतम 26 हजार मासिक वेतन, समय पर भुगतान और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित करने की मांग की।

इंटक ने कहा जल्द मिले एरियर्स व इंसेंटिव

बैठक ने स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने लंबित 39 माह के एरियर सहित अन्य लंबित मुद्दों का जल्द समाधान, इंसेंटिव स्कीम को वर्तमान उत्पादन व उत्पादकता के अनुरूप संशोधित करने के लिए कमेटी गठन व नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। नए वेतन समझौते के लिए कमेटी गठित कर वर्ष 2027 में वेतन समझौता संपन्न कराने की मांग भी रखी। यूनियन की सदस्यता सत्यापन के लिए चुनाव जल्द कराने और एस-5 से एस-6 में प्रमोशन के दौरान आ रही दिक्कतों को दूर करने तथा तीन वर्ष की सेवा के बाद एस-6 में पदोन्नति देने की मांग की। सेक्टर-9 अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार करने तथा अस्पताल के निजीकरण को लेकर स्थिति स्पष्ट कर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वेलकम स्कीम के तहत निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने, रिटेंशन स्कीम लागू करने तथा 650 वर्गफीट तक के आवासों को लाइसेंस पर देने, आवास आवंटन में सब्जेक्ट टू वेकेशन' व्यवस्था लागू करने कहा। संयंत्र परिसर में स्वच्छ पेयजल, बेहतर कैंटीन, स्वच्छ शौचालय तथा कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी बताई।

समाधान का मिला आश्वासन

महासचिव संजय साहू ने बताया कि बैठक में ईडी पवन कुमार व सीजीएम प्रशांत ओझा ने पदोन्नति नीति में जल्द सुधार, संयंत्र के भीतर 500 वाटर प्यूरीफायर व वाटर कूलर लगाने और सेक्टर 9 अस्पताल का निजीकरण नहीं करने का आश्वासन दिया।मॉडल कैंटीन, अन्य कैंटीनों तथा शौचालयों में सुधार के लिए बजट भी निर्धारित करना बताया। इंसेंटिव स्कीम एवं नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के मुद्दे पर उच्च प्रबंधन से चर्चा करने का आश्वासन मिला। ठेका श्रमिकों के वेतन और सुरक्षा व वेतन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की मांग पर और वेतन भुगतान को व्यवस्थित करने के लिए एस्क्रो अकाउंट खोले जाने की प्रक्रिया चलने का आश्वासन दिया।

नदी में डूबे बालक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नदी और नहर में लोगों के डूबने का मामला सामने आया है। घटना में बालक का शव मिल गया है लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक का शव नहीं मिल पाया है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कुम्हारी स्थित खारून नदी में 15 वर्ष के बालक राज गुप्ता का शव मिला। जामगांव आर थाना क्षेत्र की तांदुला नहर में बाइक समेत गिरे दुर्गेश ठाकुर की तलाश जारी है। दोनों घटनाओं में एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चलाया। ग्राम गांव, सीता नगर, रायपुर निवासी राज गुप्ता 22 अक्टूबर को अपने दोस्त निलेश ठाकुर के साथ रायपुर से अकोला गांव के पास खारून नदी गए थे। नहाने के बाद दोनों नदी के बीच एक पक्षी पकड़ने के लिए पानी में उतरे। तभी पानी की गहराई और गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा। राज गुप्ता गहरे पानी में डूबने लगे। मौके पर मौजूद मछुआरों ने निलेश ठाकुर को बचा लिया, लेकिन राज को नहीं बचा सके। दोनों बालक मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे। काम के सिलसिले में रायपुर में रहते थे। पुलिस ने बताया कि जामगांव आर के घटना में एसडीआरएफ गाड़ाडीह के पास गुढ़ियारी और कानाकोट के बीच स्थित तांदुला पुल पर बाइक सवार युवक की गाड़ी अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। जिसके बाद युवक बाइक सवार ग्राम तिलोदा बालोद निवासी दुर्गेश ठाकुर समेत नहर में गिर गई। फिलहाल दुर्गेश ठाकुर की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

जर्जर भवन को निगम ने ढहाया

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुराने एवं जर्जर भवनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगम के जोन-03 क्षेत्र अंतर्गत पुराने एवं जर्जर भवन की जांच कर जेसीबी मशीन के माध्यम से उसे ध्वस्त किया गया। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य जर्जर भवनों से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शहर में कई पुराने भवन समय के साथ कमजोर एवं जर्जर स्थिति में पहुंच जाते हैं। ऐसे भवनों से किसी भी समय दीवार, छत या अन्य हिस्से गिरने का खतरा बना रहता है। विशेषकर बारिश एवं खराब मौसम के दौरान इनसे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

दो दिन से वार्ड 35 की नाली में फंसे बैल को जेसीबी से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा गौ रक्षा एवं बेजुबान पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मानवीय संवेदनशीलता के साथ सराहनीय पहल की गई। निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में पिछले दो दिनों से एक बैल नाली में फंसा हुआ था।



इसकी जानकारी मिलने पर बैल को बाहर निकालने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। नाली में लंबे समय से फंसे होने के कारण बैल को बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो गया था। स्थिति को देखते हुए नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से नाली के हिस्से को तोड़कर रास्ता बनाया और बैल को बाहर निकालने की कार्रवाई की। इस दौरान प्राथमिकता बेजुबान पशु को सुरक्षित बाहर निकालने तथा उसे किसी प्रकार की गंभीर चोट से बचाने की रही। नगर निगम की इस कार्रवाई से गौ रक्षा और पशु सुरक्षा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता सामने आई है। बेजुबान पशु अपनी परेशानी स्वयं व्यक्त नहीं कर सकते, ऐसे में समय पर उनकी सहायता करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है।

एटीएम मशीन तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भट्ठी थाना अंतर्गत बोरिया गेट के पास लगे एटीएम को तोड़कर रुपए निकालने का प्रयास करने वाला पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन एवं घटना से संबंधित ट्रक जब्त किया है। घटना 21 अक्टूबर की रात की है। पुलिस को जानकारी मिली कि बोरिया गेट स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपये चोरी करने के उद्देश्य से मशीन में तोड़फोड़ कर क्षति पहुंचाई गई है। इस संबंध में सुबधा कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर आरोपी केशरा राम 28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।



उसने बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है। ट्रक आरजे 47 जीए 3435 में चूना पाउडर लेकर राजस्थान से भिलाई स्थित बीएसपी आया था। माल खाली करने के बाद कंपनी के अगले आदेश की प्रतीक्षा के दौरान उसके पास रुपये समाप्त हो गए थे। इसी दौरान उसने बोरिया गेट स्थित एटीएम से रुपये चोरी करने की नीयत से अपने ट्रक में रखे लोहे के रॉड एवं जैक रॉड से मशीन को तोड़ने का प्रयास किया। रुपये नहीं निकलने तथा लोगों की आवाजाही होने पर वह मौके से हटकर अपने ट्रक में जाकर छिप गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। आरोपी केशरा राम ग्राम भुनिया लक्षीया कातला भुनिया दनउ जिला बाड़मेर राजस्थान का रहने वाला है।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

निषाद समाज ने कराया खेल प्रतियोगिता

पारंपरिक खेलों के माध्यम से सामाजिक एकता और भाईचारे का दिया संदेश, विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौण्डीलोहारा

वनांचल के खैरकट्टा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेंगाडबरी में निषाद (केवट) समाज द्वारा जनता खेल का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। आयोजन में समाज के लोगों के साथ ही युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न पारंपरिक एवं मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीणों ने खेलों का आनंद लिया। कार्यक्रम में कबड्डी, रस्सी खींच, सुई-धागा दौड़, आलू दौड़ और कुर्सी दौड़ सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कबड्डी में युवाओं ने दमखम और फुर्ती का प्रदर्शन किया, वहीं रस्सी खींच प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। महिलाओं और बच्चों ने भी सुई-धागा दौड़ तथा आलू दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को रोचक बनाया। कुर्सी दौड़ में प्रतिभागियों की सक्रियता और दर्शकों की तालियों ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू रेंगाडबरी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज के लोगों को एक साथ आने और आपसी मेलजोल बढ़ाने का अवसर मिलता है। खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक चुस्ती, आपसी सहयोग, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में निषाद समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।









हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद 2026



बालोद। जिला संवाद 2026 में दल्लीराजहरा में 9 साल से गरीबों को निःशुल्क भोजन खिलाने वाली संस्था सेवा सरिता संस्थान के सदस्यो का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।



बालोद। जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी क्षेत्र के व्यापारी, डाक्टर, समाज सेवी, उद्योगपति, स्कूल के चेयरमैन, चेंबर आफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में सेशन के बाद क्षेत्र के डॉक्टर, व्यापारी, उद्योगपति, समाजसेवी, चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का आभार करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में उपस्थित राजनेता, जनप्रतिनिधि, प्रशासन, जिले के व्यापारी, प्रबुद्ध नागरिक, आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



बालोद। जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ ओमप्रकाश टुवानी और जिले के भर के हरिभूमि प्रतिनिधि मुमेंटो भेंटकर आभार करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं हरिभूमि के ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश टुवानी कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और आईएनएच 24x7 न्यूज चैनल के जिला संवाददाता राहुल भूतड़ा बालोद जिले के एसपी किरण गंगा राम चौहान को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में आई.एनएच 24x7 न्यूज चैनल के जिला संवाददाता राहुल भूतड़ा छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में डौंडी हरिभूमि प्रतिनिधि ओम गोलछा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी देव लाल ठाकुर को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में हरिभूमि प्रसार विभाग रायपुर सुमीत महोबिया डौंडीलोहरा की विधायक अनिला भेड़िया को मुमेंटो देते हुए।



बालोद जिला संवाद 2026 में हरिभूमि प्रतिनिधि दीपक मित्तल गुण्डरदेही के पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में हरिभूमि प्रसाद रायपुर तोरण लाल साहू गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद को मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में जिले में जरूरतमंदो को दवाई ,किताब कापी, दिव्यागों जनों को सहायक यंत्र प्रदान करने एवं स्वास्थ कैंप चलाने वाले भीमराज सुंदर लाल किरी की चेरीट्रेबल ट्रस्ट के जयंत किरी का अतिथियों ने सम्मान किया।



बालोद। जिला संवाद 2026 में नगर पालिका परिशद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी को देवरी हरिभूमि प्रतिनिधि पुष्पलता द्वारा मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर को गुण्डरदेही हरिभूमि प्रतिनिधि भानू साहू द्वारा मुमेंटो देते हुए।



बालोद । जिला संवाद 2026 में महामंत्री छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृष्णा दुबे को झलमला हरिभूमि प्रतिलिधि राहुल साहू द्वारा मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में आईएनएच मार्केटिग हेड संजय वनवासी नगर पालिका दल्लीराजहरा अध्यक्ष तोरण लाल साहू कर सम्मान करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में हरिभूमि बालोद ब्यूरो चीफ ओमप्रकाश टुवानी पुलिस अधीक्षक बालोद किरण गंगाराम चौहान का सम्मान करते हुए।



बालोद । जिला संवाद 2026 में डौण्डीलोहारा हरिभूमि प्रतिलिधि पवन देवांगन भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख का सम्मान करते हुए।



बालोद । जिला संवाद 2026 में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं एसपी किरण गंगा राम चौहान का संवाद



बालोद। जिला संवाद 2026 में जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर को गुण्डरदेही हरिभूमि प्रतिनिधि भानू साहू द्वारा मुमेंटो देते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में कुसुमकसा हरिभूमि प्रतिलिधि अनिल सुथार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी का सम्मान करते हुए।



बालोद। जिला संवाद 2026 में हरिभूमि प्रसार रायपुर सुमीत महोबिया पूर्व विधायक गुण्डरदेही राजेन्द्र राय का सम्मान करते हुए।

खेत बचाओ अभियान से किसानों को किया जा रहा जागरूक, फसल विविधीकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारत सरकार की योजना के अंतर्गत 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के विभिन्न गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन एवं टिकाऊ खेती के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरता एवं गुणवक्ता बनाए रखना, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण करना तथा किसानों कोएवं लाभकारी कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के अंतर्गत किसानों को रबी मौसम में धान की खेती के स्थान पर अन्य उपयुक्त फसलों को अपनाने तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने प्रेरित किया जा रहा है।

फसल विविधीकरण और पराली प्रबंधन से समृद्ध होंगे किसान

तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया

इसके साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, फसल चक्र अपनाने, हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के उपयोग तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। मिट्टी में जैविक कार्बन बढ़ाने, जल संरक्षण, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व से भी किसानों को अवगत कराया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को स्थानीय कृषि परिस्थितियों के अनुरूप तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।



लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के लिए किया प्रेरित

किसानों को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने, भूमि की उत्पादकता बनाए रखने तथा वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के किसानों, महिला कृषकों एवं ग्रामीण युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कृषि भूमि के संरक्षण, जल संसाधनों के समुचित उपयोग, फसल विविधीकरण तथा कृषि अवशेषों के उपयोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

धान के स्थान पर चना, मसूर, सरसों, अलसी एवं अन्य उपयुक्त दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे सिंचाई जल की बचत, मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण, खेती की लागत में कमी तथा किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के दौरान किसानों को धान की पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों एवं जैविक पदार्थों को नुकसान पहुंचता है तथा वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। इसके स्थान पर धान की पराली का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में उचित उपचार एवं पोषण प्रबंधन के साथ तथा ऑयस्टर मशरूम उत्पादन के लिए कच्चे पदार्थ के रूप में करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पराली का समुचित उपयोग करके किसान कृषि अवशेषों से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

खबर संक्षेप

गुंडरदेही में आज पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं ग्राम विकास सम्मेलन

गुण्डरदेही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा त्रि–स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं सम्पूर्ण ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को ब्रह्माकुमारीज़ पाठशाला वरदानी भवन गुण्डरदेही मे किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर 2 बजे से ब्रह्माभोजन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम के सवांर्गीण विकास के लिए आध्यात्मिकता द्वारा नैतिक, चारित्रिक, व्यसन मुक्त, महिला सशक्तिकरण, आदर्श एवं आत्मनिर्भर ग्राम का निर्माण करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संचालिका सेवा केन्द्र नवापारा राजिम राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा व ब्रह्माकुमारी अंशु खड़मा ने किया।

75 वर्षीय मानस मर्मज्ञ आधारी राम सिन्हा का सत्यसाईं सेवा संगठन ने किया सम्मान

गुण्डरदेही। सत्यसाईं सेवा संगठन के द्वारा हल्दी निवासी 75 वर्षीय वृद्ध मानस मर्मज्ञ आधारी राम सिन्हा का शिव शक्ति मन्दिर गुण्डरदेही में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान किया गया। जिन्होंने रामचरितमानस के जटायु प्रसंग का उदाहरण देते हुए बताया कि जटायु को पता था कि वह शक्तिशाली रावण के सामने नहीं टिक सकेगा, फिर भी अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस किया। इसी प्रकार प्रभु श्रीराम समर्थवान होकर भी रास्ते में मिलने वाले वनचर, जलचर, मानव, पशु से सहायता लेकर संगठन के भाव को जागृत किया, भाई भरत के चरित्र से त्याग, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान से स्वामी भक्ति की शिक्षा मिलती है।

पेज 7 के शेष

डौंडीलोहारा क्षेत्र को...

हैं। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि गांवों का सर्वांगीण विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। डौंडीलोहारा जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, रोहनी पिस्दा, कौशल्या ठाकुर, उत्तम यदु, सोमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, डोमेंद्र ज्ञानू राजपूत, डेविड बारले, टुमन टेकाम, निरंजन पटौदी, जयेश जैन, देव देवांगन, ढाल साहू, हिरेंद्र गायकवाड़, भूषण साहू, हेमलाल देशलहरा, सूरजभान साहू, मनोज भंडारी, अभिषेक जैन, प्रीतम साहू, प्रकाश साहू, दिलीप बनडे, नरेंद्र मंडावी, नरेंद्र चंद्रवंशी, शिव मसीहा, सेवन नेताम, बिरन बाई, मोहित ठाकुर, अमर सिंह खरे, चेतराम कौसलीस, देवगन, रामनरेश सोनकर, भुवन यादव, पवेन्द देशमुख, दिलीप सिन्हा और रेमन अटल सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

तेज रफ्तार...

लापरवाहीपूर्वक चला रहा था। इसी दौरान रामसाय की डबरी मोड़ के पास वाहन की बुजुर्ग से टक्कर हो गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। हादसे के बाद घायल को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए आसपास के लोग आगे आए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले के तथ्यों की जांच कर रही है।

'विकसित भारत-जी राम जी योजना' पर दिया विशेष जोर

जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुनील कुमार चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत चिटौद, कुलिया एवं बोरतरा का आकस्मिक निरिक्षण किया। विकसित भारत–जी राम जी योजना को विशेष रूप से केंद्रित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर ऐसे कार्यों के चयन का निर्देश दिया गया है जिनसे ग्रामीण रोजगार, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण एवं संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और स्थायी परिसंसंपतियों का निर्माण सुनिश्चित हो सके। युक्तधारा मैपिंग एवं स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों की पहचान कर उन्हें वीजीपीपी प्लान में शामिल करने का निर्देश दिया गया।

ग्राम चिटौद में चल रहे वीबी जीरामजी के कार्य ट्रेरन्च निर्माण के कार्य मे लगे कुल 122 मजदूरों से चर्चा की गयी, चिटौद के सामुदायिक पशु आश्रय स्थल पर गोधाम योजना अंतर्गत विकसित करने हेतु पंचायत के सरपंच एवं सचिवों को निर्देश पशुओं के लिये छाया शेड, पीने के पानी की व्यवस्था, गोबर का व्यवस्थापन, पौधारोपण आदि हेतु निर्देश दिया गया।



ग्राम कुलिया में चल रहे वृक्षारोपण के कार्य एवं ट्रेरन्च निर्माण को अवलोकन कर इस क्षेत्र में रोपित 1350 पौधे का निरिक्षण किया गया, इस क्षेत्र में अन्य कार्य लेने हेतु निर्देश दिया गया है। ग्राम बोरतरा में चल रहे पौधारोपण कार्य में समुहों से चर्चा की गयी एवं बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

उक्त निरिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी ओम प्रकाश साहू एवं प्रभात साहू, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत गुरूर पन्नालाल धुवे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बागडे, आरएल. सिरमौर, कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार देवांगन सहित तकनीकी सहायक, अधिकारी–कर्मचारी ग्राम पंचायत आये सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

नांहदा और करियाटोला में बालिका शौचालय व मुक्तिधाम निर्माण का लिया जायजा

गुरूर। विकसित भारत–जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में चल रहे कार्यों की गुणवक्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पन्नालाल धुव्रे ने ग्राम पंचायत कपरभेटा के ग्राम नांहदा और करियाटोला में बालिका शौचालय, मुक्तिधाम निमार्ण कार्य एवं ग्राम पंचायत हितेकसा में बिहान योजना के तहत महिला स्वसहायता झरन दाई उत्पादक समुह द्वारा निर्मित सेनेटरी पैड कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका शौचालय निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों एवं तकनीकी अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवक्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवक्ता का विशन रखने तथा शासन के दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



बघेली भाठा में परकोलेशन टैंक का निर्माण जारी,जल संरक्षण और भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में पहल



बालोद/सिकोसा। ग्राम पंचायत बघेली में सामुदायिक उपयोग हेतु परकोलेशन टैंक बघेली भाठा का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है। वहीं जल संरक्षण एवं भूजल स्तर में वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

- वर्षा जल संचयन से कुओं और जल स्रोतों को मिलेगा लाभ

वर्तमान में उक्त निर्माण कार्य में 90 श्रमिक नियोजित हैं। परकोलेशन टैंक वर्षा जल को एकत्रित कर उसे धीरे–धीरे भूमि के भीतर रिसने में सहायता करता है। इससे भूजल पुनर्भरण की संभावनाएं बढ़ती हैं तथा जल स्रोतों के संरक्षण में मदद मिलती है। इस संरचना से आसपास के क्षेत्र में मिट्टी की नमी बनाए रखने तथा कुओं एवं अन्य भूजल स्रोतों को लाभ पहुंचाने में सकारात्मक योगदान मिलने की उम्मीद है। साथ ही वर्षा जल के बेहतर प्रबंधन और जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने में भी यह कार्य उपयोगी सिद्ध होगा।

ग्राम पंचायत सचिव टिकेश्वर देशमुख, सरपंच रामेश्वर तेलासी एवं उपसरपंच प्रमोद कुमार यादव द्वारा पंचायत स्तर पर कार्य के संचालन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। रोजगार सहायक नोखे राम बंजारे द्वारा श्रमिकों के नियोजन एवं रोजगार संबंधी कार्यों मेंयोगदान दिया जा रहा है।

युवा मतदाता पंजीयन शिविर में 13 विद्यार्थियों ने भरा फॉर्म



डौंडीलोहारा। लोकतंत्र को मजबूत बनाने और निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग एवं उच्च कार्यालयों के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य टीएल देवांगन ने की। शिविर में नए एवं युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवाओं का पंजीकरण करना था, जो 1 जनवरी 2027 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा करने वाले हैं।

- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया गया प्रोत्साहित

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि मतदान करने के लिए केवल मतदाता पहचान पत्र होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। इसलिए पात्र युवाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए। इस अवसर पर केशर कुमार, शिवा, दीपाली, हर्षिता, झमिता, रूपाली, राजेश्वरी, खोमेश्वरी सहित अन्य विद्यार्थियों ने पंजीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 13 विद्यार्थियों के आवेदन जमा की।

देवरी (क) के मुक्तिधाम में शेड निर्माण का भूमिपूजन

बालोद/कलंगपुर। ग्राम पंचायत देवरी (क) में मुक्तिधाम परिसर में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे। अध्यक्षता सरपंच नुज कुमारी देशमुख ने किया तथा विशेष अतिथि पंच नितिन ठाकुर एवं नरेन्द्र बंजारे रहे।

- पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी रहे मुख्य अतिथि

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडावी ने कहा कि मुक्तिधाम में दाह संस्कार एवं



प्रतीक्षालय के लिए शेड निर्माण कार्य वी.बी.जी राम जी विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत स्वीकृत हुआ है। इस शेड के बनने से अंतिम संस्कार में आने वाले ग्रामीणों को धूप–बारिश से राहत मिलेगी। इस अवसर पर पंच प्रेम कुमारी मानिकपुरी, कीर्ति साहू, रोशन बारले, गंगेश्वरी कौशल, कुमारी बाई, भगवती बाई, सेवक राम देशमुख, छत्रपाल सिंह देशमुख, रोजगार सहायक अरुण कुमार जोशी, पंचायत भृत्य गीतेश देशमुख सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

उपडाकघर में विदाई, स्वागत एवं सम्मान समारोह

दल्लीराजहरा। भारतीय डाक विभाग के दल्लीराजहरा उपडाकघर की ओर से निषाद भवन में विदाई, स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई, नवागत सहकर्मियों का स्वागत हुआ और पहली बार जागरूक ग्राहकों तथा कर्मठ अभिकर्ताओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। उपडाकपाल जयप्रकाश जायसवाल की इस अभिनव पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।



सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई : ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले कुसुमकसा के शाखा डाकपाल महेश बैस और कोंडेकसा के शाखा डाकपाल मनोहर कुमेटी को स्मृतिचिह्न, वस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। वहीं स्थानांतरित डाक सहायक साहिल मनहर और केकती भांडेकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया। दल्लीराजहरा में नवागत डाक सहायक दीपक पटेल, खेमलाल दीवान और पोस्टमैन लक्ष्मीनारायण का स्वागत किया गया। डौंडी के नवागत उपडाकपाल विनय देवांगन का भी डाक परिवार ने आत्मीय अभिनंदन किया। समारोह का प्रमुख आकर्षण जागरूक ग्राहकों और कर्मठ अभिकर्ताओं का सार्वजनिक सम्मान रहा।

समारोह की अध्यक्षता उपडाकपाल जयप्रकाश जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि डाक निरीक्षक मेहर उपस्थित रहे।

100 साल पुरानी मंडली द्वारा दशहरा पर रामलीला का जीवंत मंचन

जामगांव आर। भाठागांव आर की 100 साल पुरानी श्रीराम कृष्ण लीला मंडली द्वारा दशहरा पर राम लीलाओं के जीवंत मंचन के साथ संपन्न हुआ।

68 वर्षीय लीला मंडली मैनेजर शोभाराम देवांगन एवं संचालक डॉ प्रदीप साहू ने बताया कि 10 दशक पुरानी मंडली में चार पीढ़ियों के पात्र एक साथ अभिनय प्रभावी ढंग से निभाते हैं।

लेखराम साहू, सरपंच रूपेश्वर यादव, जोहित राम साहू, रामप्रताप साहू, डॉ प्रदीप साहू एवं सेवानिवृत शिक्षक केके.साहू ने कहा कि असत्य पर सत्य के विजय का पर्व सत्य के मार्ग पर चलने का प्रभावी प्रेरणा देता है। समिति अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, मैनेजर शोभा राम देवांगन, संचालक डॉ. प्रदीप साहू के लगातार मेहनत से रंगमंच सजानें तथा



पौराणिक संवाद दोहा के साथ संवाद सबका मन मोह लिया। अतिथि के रूप में सभापति जनपद सदस्य गुण्डरदेही कौशल किशोर साहू, सरपंच रुपेश्वर कुमार यादव, उपसरपंच नीता बंजारे, ग्रामीण अध्यक्ष पुनारद साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही संजय साहू, जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी बालोद सलीम खान, सेवानिवृत निरीक्षक विनोद कतलाम, सीआईएसएफ अधिकारी राजेश्वर शिंग कतलाम, शिक्षक अश्वनी साहू एवं सभी समाज के ग्रामीण अध्यक्ष उपस्थित थे। संचालन समाजसेवी डॉ. प्रदीप साहू नें किया।

स्कूटी चोरी करने वाला भेजा गया जेल

भिलाई। सेक्टर-5 निवासी प्राची ने सुपेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 नवंबर 2025 को वह अपने घर का सामान लेने स्कूटी सीजी 07 बीयू 8781 से सुपेला आई थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूटी चोरी कर ली गई थी। मामले में आरोपी सुनील कुमार महार उम्र 21 वर्ष रमन मोहल्ला उड़िया पारा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

